# नोबेल पुरस्कार विजेता विद्वान–वर्ष 2013

दिव्यांश श्रीवास्तव
छात्र, लामार्टीनियर कॉलेज, लखनऊ–226001, उ0प्र0, भारत
divyansh_21@hotmail.com

1. **शांति के क्षेत्र में**



**द ऑर्गेनाइजेशन फॉर द प्रॉहिबिशन ऑफ केमिकल वीपन्स**

वर्ष 2013 में नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस द्वारा **द ऑर्गेनाइजेशन फॉर द प्रॉहिबिशन ऑफ केमिकल वीपन्स** (स्थापना वर्ष–1997, द हेग, नीदरलैण्ड्स) को विश्व समाज में शांति स्थापित करने के उसके असाधारण प्रयासों के चलते शांति के क्षेत्र में प्रदान किया गया।


2. **साहित्य के क्षेत्र में**



**ऐलिस मुनरो**

वर्ष 2013 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस द्वारा कनाडा में "कैनेडियन चैखोव" के नाम से प्रसिद्ध 82 वर्षीय लेखिका ऐलिस मुनरो को **"मास्टर ऑफ द कॉन्टेम्पोरेरी शॉर्ट स्टोरी"** मानते हुए प्रदान किया गया। इनके द्वारा 1960 की सामाजिक क्रांति के पहले तथा बाद में लड़कियों एवं महिलाओं की स्थितियों से संबंधित अनेकों छोटी–छोटी कहानियों की श्रृंखला लिखी गई। जिनमें **"द मून्स ऑफ जुपिटर"**, **"द प्रोग्रेस ऑफ लव"**, तथा **"रन अवे"** प्रमुख हैं।

3. **रसायन विज्ञान के क्षेत्र में**






**मार्टिन कार्पलस** **माइकल लेविट** **एरियेह वार्शेल**

वर्ष 2013 में रसायन में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस द्वारा अमेरिका में कार्यरत वैज्ञानिकों **मार्टिन कार्पलस** (स्ट्रासबर्ग विश्वविद्यालय, फ्रांस तथा हार्वर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका), **माइकल लेविट** (स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन) तथा **एरियेह वार्शेल** (यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया, लॉस ऐंजिलिस, अमेरिका) को **"जटिल रासायनिक क्रियाओं की भविष्यवाणी करने वाले कम्प्यूटर मॉडल का विकास"** करने के लिए प्रदान किया गया जिनका उपयोग नयी दवाओं को बनाने में किया जा सकेगा।

4. **भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में**




**पीटर हिग्ज** **फ्रैंकौइज एंगलर्ट**

वर्ष 2013 में भौतिक विज्ञान में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस द्वारा ब्रिटेन के वैज्ञानिक **पीटर हिग्ज** तथा बैल्जियम के वैज्ञानिक **फ्रैंकौइज एंगलर्ट** को उनके सिद्धांत **"हाउ सबएटॉमिक पार्टिकल गैट देयर मास"** को वर्ष 1964 में प्रतिपादित करने के लिए प्रदान किया गया। इस सिद्धांत को वर्ष 2013 में जेनेवा, स्विट्जरलैंड, में सर्न की प्रयोगशाला में हिग्ज पार्टिकल की पुष्टि के साथ ही सत्य मान लिया गया था।


5. **अर्थशास्त्र के क्षेत्र में**



इयूगीन एफ0 फामा



लार्स पीटर हैन्सेन



रॉबर्ट जे0 शिल्टर

वर्ष 2013 में अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस द्वारा संयुक्त रूप से अमेरिकन अर्थशास्त्रियों इयूगीन फ्रांसिस फामा को उनके कार्य **"पोर्टफोलियो थ्योरी एण्ड ऐस्सेट प्राइजिंग"** में सैद्धांतिक और प्रायोगिक अध्ययन के लिए, सर्वाधिक प्रसिद्ध लेखक रॉबर्ट जेम्स "बॉब" शिलर को तथा प्रसिद्ध माइक्रोइकोनॉमिस्ट लार्स पीटर हैन्सेन को उनके कार्य **"जनरलाइज्ड मेथड ऑफ मूमेंट्स"** पर प्रदान किया गया। इयूगीन फ्रांसिस फामा वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिजिनेस में रॉबर्ट आर0 मैक्कोर्मिक डिस्टिन्विश सर्विस प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। रॉबर्ट जेम्स "बॉब" शिलर वर्तमान में येल विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के स्टर्लिंग प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। शिलर येल स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट के अतर्राष्ट्रीय सेंटर फॉर फाइनेंस के फैलो हैं, नैशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च (एन0बी0ई0आर0) के वर्ष 1980 से रिसर्च एसोसिएट हैं, वर्ष 2005 में अमेरिकन इकोनॉमिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रह चुके हैं, वर्ष 2006–2007 के दौरान ईस्टर्न इकोनॉमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। शिलर इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट फर्म मैक्रो मार्केट्स (एल0एल0सी0) के सह–संस्थापक तथा प्रमुख अर्थशास्त्री भी हैं। लार्स पीटर हैन्सेन वर्तमान में शिकागो विश्वविद्यालय में डेविड रॉकफैलर डिस्टिन्विश सर्विस प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

6. **फिजियोलॉजी या चिकित्सा के क्षेत्र में**



**जेम्स ई0 रॉथमैन**



**रैन्डी डब्ल्यू शैक्मान**



**थॉमस सी0 सुड्हॉफ**

वर्ष 2013 में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस द्वारा संयुक्त रूप से येल विश्वविद्यालय के अमेरिकन **डॉ0 जेम्स ई0 रॉथमैन**, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले के **डॉ0 रैन्डी डब्ल्यू शैक्मान**, तथा स्कूल ऑफ मेडिसिन, स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के जर्मन–अमेरिकन **डॉ0 थॉमस सी0 सुड्हॉफ** को उनके कार्य **"फॉर देयर डिसकवरीज ऑफ मशीनरी रेग्यूलेटिंग वेसिकल ट्रैफिक, ए मेजर ट्रांसपोर्ट सिस्टेम इन अवर सेल्स"** पर प्रदान किया गया।